**FLIPBOOK WITH STORY**





psi India

# फॉलोअप ए०एच०डी०

## कहानी सरिता और राजेश की







सरिता 17 साल की है और कम्प्यूटर सीखती है, राजेश 19 साल का है और सरिता के घर के पास ही रहता है। सरिता पिछले एक साल से ध्यान दे रही है कि राजेश उसे देखता रहता है लेकिन कभी कुछ कहता नहीं है, सरिता को लगता है कि शायद राजेश उसे पसन्द करता है और मन ही मन सरिता भी उसे पसन्द करती है।





psi India
RKSK
Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन




एक दिन जब सरिता बस का इन्तजार कर रही थी राजेश आया और उससे पूछा क्या वह उसे अपनी बाईक पर छोड़ सकता है, पहले तो सरिता थोड़ी झिझकी लेकिन फिर वो मान गई और रास्ते में उसे छोड़ते समय दोनों ने अपना परिचय एक दूसरे को दिया।



psi India

RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram

National Health Mission राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन





psi India

RKSK
Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन



दूसरे दिन भी राजेश ने सरिता को अपनी बाईक में छोड़ा और अब अक्सर राजेश सरिता को ड्रॉप करने लगा। उनकी ये दोस्ती अब प्यार में बदल गई और वे दोनों अब और मिलने लगे।





पिछले कुछ दिनों से सरिता और राजेश जब भी मिलते है, राजेश सरिता से शारिरिक सम्बन्ध बनाने को कहता है, और सरिता थोड़ा असहज महसूस करती है और हमेशा इस बात को किसी न किसी बहाने से टाल देती है।



psi India

RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन





psi India
RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम
NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन



एक दिन जब राजेश सरिता से फिर से फिजीकल होने को कहता है और सरिता हमेशा की तरह इस बार भी टाल देती है तो राजेश सरिता से नाराज हो जाता है और कहता है कि वो उसे बिल्कुल प्यार नहीं करती है और उस पर विश्वास भी नहीं करती है।

सरिता उसे समझाने की कोशिश करती है कि वो उसे प्यार तो करती है लेकिन इसके खतरे से वो डरती है वो बताती है कि इससे अनचाहा गर्भ ठहर सकता है। तो राजेश उसे कहता है कि वो उसे बहुत प्यार करता है और एक दिन वो लोग शादी भी कर लेंगे।



psi India

RKSK

National Health Mission





psi India
RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम
NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन



सरिता इस बात के लिए बिल्कुल भी राजी नहीं होती है कि वो राजेश के साथ शारिरिक सम्बन्ध बनायें, लेकिन राजेश के दबाव में आकर उसे राजेश के साथ सम्बन्ध बनाने पड़ते है।

इन सबके बाद राजेश तो बहुत खुश हो जाता है लेकिन सरिता बहुत डरती है।





# Questions



## किशोरियों के लिए प्रश्नः–



- सरिता राजेश के साथ शारिरिक सम्बन्ध क्यों नहीं बनाना चाहती, उसके डर की क्या वजह थी?
- क्या सरिता को यह अधिकार था कि वो 3 साल से राजेश के साथ प्यार के रिश्ते के बावजूद भी उससे शादी के लिए मना कर सके?
- सरिता को क्यों राजेश के साथ शारिरिक सम्बन्ध बनाने पड़े जबकि वो स्वयं तैयार नहीं थी?
- क्या सरिता ने ठीक किया अगर हॉ तो क्यों, और अगर नहीं तो उसे और क्या करना चाहिए था?
- क्या राजेश में एक अच्छे पार्टनर के गुण थे अगर हॉ तो क्यों और अगर नहीं तो क्यों नही?



psi India

RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन



# Questions



## किशोरों के लिए प्रश्नः—



- सरिता राजेश के साथ शारिरिक सम्बन्ध क्यों नहीं बनाना चाहती, उसके डर की क्या वजह थी?
- क्या सरिता को यह अधिकार था कि वो 3 साल से राजेश के साथ प्यार के रिश्ते के बावजूद भी उससे शादी के लिए मना कर सके?
- सरिता को क्यों राजेश के साथ शारिरिक सम्बन्ध बनाने पड़े जबकि वो स्वयं तैयार नहीं थी?
- क्या सरिता ने ठीक किया अगर हॉ तो क्यों, और अगर नहीं तो उसे और क्या करना चाहिए था?
- क्या राजेश में एक अच्छे पार्टनर के गुण थे अगर हॉ तो क्यों और अगर नहीं तो क्यों नही?



psi India

RKSK

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# सहजकर्ता के लिए मुख्य बिन्दुः

- कहानी में हमने देखा कि सरिता शारिरिक सम्बन्ध बनाने के लिए तैयार नहीं थी और राजेश के दबाव में आकर उसने ऐसा किया।

- सरिता को चाहिए था कि वह अपनी बात को मजबूती से रखती और राजेश को बताती की वो शारिरिक सम्बन्ध बनाने के लिए तैयार नहीं है।

- सरिता का ये पूर्ण अधिकार है कि वो राजेश को मना करें कि वो अभी सम्बन्ध के लिए तैयार नहीं है और यह उसका शरीर है जिसका फेसला करने के लिए उस पर कोई भी दबाव नहीं डाल सकता है।

- और राजेश की बात करें तो राजेश को भी सरिता पर अपनी मर्जी नहीं थोपनी चाहिए, एक अच्छे साथी को आपस में बातचीत करनी चाहिए और दूसरे की मर्जी का आदर करना चाहिए।

- इस प्रकार से देखे तो राजेश एक अच्छा साथी नहीं साबित होता है।
राजेश को सरिता की भावनाओं की कद्र करनी चाहिए और उस पर अपनी मर्जी नहीं चलानी चाहिए।



psi India
RKSK Rashtriya Kishor Swasthya Karyakram
National Health Mission राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन